(Deemed to be University U/s 3 of UGC Act 1956)

NEHRU GRAM BHARATI

(DEEMED TO BE UNIVERSITY)

Kotwa-Jamunipur-Dubawal, Prayagraj-221505, Uttar Pradesh (INDIA)

Administrative Office :
Hanumanganj Campus,
G.T. Road, Hanumanganj, Prayagraj-221505,
Uttar Pradesh
Email : info.ngbu@gmail.com

पत्रांक: Memo/Registrar/0003/2022 दिनांक: 23.01.2022

अधिसूचना

विषय: कोविड–19 सम्बन्धी प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुपालन मे विश्वविद्यालय बन्द होने को पुनर्विस्तारित करने के सम्बन्ध मे।

उपरोक्त विषयक कुलसचिव की अधिसूचना Memo/Registrar/0001/2022 दिनाक 09.01.2022 के द्वारा विश्वविद्यालय दिनांक 16 जनवरी, 2022 दिन रविवार तक भौतिक रूप से बन्द किया गया था जिसे अधिसूचना Memo/Registrar/0002/2022 दिनांक 16.01.2022 के द्वारा दिनाक 23 जनवरी, 2022 तक विस्तारित किया गया था।

प्रदेश सरकार के आदेश संख्या 132/2022–सीएक्स–3 दिनांक 22 जनवरी, 2022 के अनुक्रम एव माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार उक्त आदेश को दिनांक 30 जनवरी, 2022 तक पुनर्विस्तारित किया जाता है। इस अवधि मे समस्त कक्षायें ऑनलाइन विधा से (प्रमुखत: टीचमिंट एप पर) पूर्ववत संचालित की जाती रहेगी।

नैक सम्बन्धित एवं अन्य महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर स्टाफ यथाआवश्यकता निर्देशानुसार कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए करेंगे। इस हेतु कुलसचिव कार्यालय, परीक्षा विभाग एवं लेखा कार्यालय यथोचित उपस्थिति के आधार पर आवश्यक कार्यों हेतु खुले रहेंगे। गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2022) के कार्यक्रम पूर्व की भांति सभी परिसरों में आयोजित किये जायेंगे जिसमें सभी शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर कार्मिकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इस हेतु कार्यालय ज्ञाप अलग से जारी किया जायेगा।

इस अवधि मे सभी शैक्षणिक एवं शिक्षणेतर कार्मिक ऑनलाइन अथवा भौतिक रूप से उपस्थित माने जायेंगे अतएव अवकाश एवं स्टेशन लीव की दशा मे पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा।

23.01.2022
(आर० एल० विश्वकर्मा)
कुलसचिव

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित (ऑनलाइन माध्यम से):

1. वै० स० कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. वै० स० प्रति कुलपति को माननीय प्रति कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. परीक्षा नियन्त्रक, समस्त संकायाध्यक्ष, ने०ग्रा०भा० (मा०वि०), प्रयागराज।
4. उपकुलसचिव (वित्त/प्रशासन/एकेडमिक), ने०ग्रा०भा० (मा०वि०), प्रयागराज।
5. समस्त संकायाध्यक्ष, ने०ग्रा०भा० (मा०वि०), प्रयागराज।
6. समस्त निदेशक, समस्त संकायाध्यक्ष, ने०ग्रा०भा० (मा०वि०), प्रयागराज।
7. समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त संकायाध्यक्ष, ने०ग्रा०भा० (मा०वि०), प्रयागराज।
8. समस्त कार्यालय अधीक्षक, ने०ग्रा०भा० (मा०वि०), प्रयागराज।
9. समस्त परिसर प्रभारियो को इस आशय से कि आवश्यक सेवाओ (सुरक्षा, सफाई, बागवानी आदि) हेतु सम्बन्धित कर्मचारियो की न्यूनतम उपस्थिति सुनिश्चित करे।
10. गार्ड फाइल।

23.01.2022
कुलसचिव